संख्या–475/61–2012

प्रेषक,

उमेश सिन्हा,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

मुख्य निर्वाचन अधिकारी,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

निर्वाचन अनुभाग लखनऊ दिनांक 03 मई, 2012

विषय–मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय, उ0प्र0, लखनऊ में कार्यरत अनुभाग अधिकारी, निजी सचिव ग्रेड–1, अपर निजी सचिव एवं समीक्षा अधिकारियों के वेतनमान को परिवर्तित किये जाने के सम्बंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर उत्तर प्रदेश सचिवालय प्रशासन अनुभाग–1 (अधि0) के कार्यालय ज्ञाप संख्या–2065/बीस–1–ई–2011–516/96टी0सी0–7(सी) दिनांक 22 दिसम्बर, 2011 के अनुक्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में कार्यरत अनुभाग अधिकारी, निजी सचिव ग्रेड–1, समीक्षा अधिकारी एवं अपर निजी सचिव जिन्हें उत्तर प्रदेश सचिवालय के समान वेतनमान अनुमन्य है, के वेतनमान एवं ग्रेड वेतन को निम्नानुसार परिवर्तित करने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:–

(1) मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के अनुभाग अधिकारी एवं निजी सचिव ग्रेड–1 के लिए सचिवालय भत्ते में रू0 600/– के सचिवालय भत्ते के अंश को ग्रेड वेतन में परिवर्तित करते हुए इन पदों पर संशोधित वेतन बैण्ड–3 रू0 15600–39100 एवं ग्रेड वेतन रू0 5400/– दिनांक 22 दिसम्बर, 2011 से अनुमन्य कराया जाय।

(2) मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के समीक्षा अधिकारी एवं अपर निजी सचिव के लिए सचिवालय भत्ते में रू0 200/– के सचिवालय भत्ते के अंश को ग्रेड वेतन में परिवर्तित करते हुए इन पदों पर संशोधित वेतन बैण्ड–2 रू0 9300–34800 एवं ग्रेड वेतन रू0 4800/– दिनांक 22 दिसम्बर, 2011 से अनुमन्य कराया जाय।

2– उक्त पदों पर संशोधित वेतनमान व ग्रेड वेतन में वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग–2 के शासनादेश संख्या–वे0आ0–2–841/दस–2009–59(एम)/2008, दिनांक 24.12.2009 (छायाप्रति संलग्न) के प्राविधानों के अनुसार वेतन निर्धारण किया जायेगा।

3— यह आदेश वित्त विभाग की अशा0 संख्या—यू0ओ0वे0आ0—2—466/दस—2012 दिनांक 01 मई, 2012 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

संलग्नकःयथोक्त।

उमेश सिन्हा
प्रमुख सचिव।

संख्याः— 475(1)/61—2012, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1— महालेखाकार, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2— वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग—1 एवं 2
3— वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग—12
4— वित्त (सामान्य) अनुभाग—1/2
5— वरिष्ठ कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
6— सचिवालय प्रशासन अनुभाग—1(अधि0), उत्तर प्रदेश शासन।
7— आहरण एवं वितरण अधिकारी, कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
8— वरिष्ठ विशेषज्ञ, सिस्टम एन0आई0सी0, नवीन भवन, उ0प्र0 सचिवालय।
9— वित्त नियंत्रक, मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय, उत्तर प्रदेश।
10— गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(अशोक कुमार सिंह)
अनु सचिव।

e:\desktop\official work\prateek\letter 1.doc